>

Title: Need to construct dwelling units for those people who have lost their houses due to flood and incidents of fire in Bahraich Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री कमल किशोर 'कमांडो' (बहराइच) : मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बहराइच उ.प्र. का एक अत्यंत पिछड़ा इलाका है । यह भारत नेपाल सीमा पर बसा है। नेपाल की ओर से आने वाली नदियों के पानी से इस इलाके में बाढ से भारी तबाही होती है। जिससे हजारों घर गिर जाते हैं, इसके अतिरिक्त प्रतिवर्ष आगजनी से भी अनेकों गांवों में तबाही होती है। बहुत से घर जल कर नष्ट हो जाते हैं। इनको नाम मात्र की सहायता दी जाती है एवं आवास बनाने के लिए किसी भी योजना में सम्मिलित नहीं किया जाता है। जिसके कारण यह लोग खुले आसमान के नीचे रहते हैं। यहां के लोग काफी गरीब हैं। यह लोग स्वयं अपना घर बनवाने में असमर्थ हैं।

मेरा आपसे अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बहराइच में बाढ तथा आगजनी के कारण जनके मकान नष्ट हो गये हैं उन पीडित परिवारों को मकान किसी योजना में बनवाने की अनुमति दी जाये।